# विद्यार्थियों को एड्स के प्रमुख कारण, बचाव व सावधानियों के बारे में बताया

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय विधि स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीकानेर में विश्व एड्स दिवस मनाया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर भगवान राम बिश्नोई ने बताया कि एड्स का इलाज केवल सावधानी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिवर्ष अपनी खून की जांच अवश्य करवानी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक व सावधान रहने को कहा तथा समाज में अन्य व्यक्तियों को भी जागरूक करने की सलाह दी

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महाविद्यालय की सहायक आचार्य मीनाक्षी कुमावत ने कहा कि वर्तमान में 15 वर्ष से 49 वर्ष के लगभग 25 लाख लोग भारत में एचआईवी एड्स से पीड़ित है। वैश्विक स्तर पर भारत एचआईवी एड्स पीड़ितों की संख्या में तीसरे स्थान पर है। उन्होंने अपने व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स की अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्थिति से अवगत कराया।

इसके साथ ही उन्होंने एचआईवी एड्स के प्रमुख कारणों, बचाव व सावधानियों के बारे में बताया। उन्होंने यह भी बताया कि एचआईवी एड्स साथ रहने, बैठने, साथ खाना खाने या छूने से नहीं होता इसलिए एचआईवी पीडितों से नफरत नहीं करें। उन्हें भरपूर प्यार, समर्थन व दुलार दें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की सह आचार्य डॉक्टर कुमुद जैन ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। एचआईवी एड्स से मृत व्यक्तियों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की सहायक आचार्य डॉ पूजा छीपा ने किया। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त शैक्षिक व अशैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित थे।



राजकीय विधि महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम को मुख्य वक्ता सहायक आचार्य मीनाक्षी कुमावत ने संबोधित किया।

- वर्तमान में 15 वर्ष से 49 वर्ष के लगभग 25 लाख लोग भारत में एचआईवी एड्स से पीड़ित हैं
- दो मिनट का मौन रखकर एड्स से मृत व्यक्तियों को श्रद्धांजलि दी

**श्रीगंगानगर।** जिले में एचआईवी पॉजिटिव यानि एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनो डिफिशिएंसी सिंड्रोम) रोग से पीड़ित रोगियों की संख्या अधिक होने से प्रदेश में रेड जोन (खतरनाक क्षेत्र) की श्रेणी में है। करीब सोलह साल से इस इलाके में रोगियों की संख्या कम होने की बजाय लगातार बढ़ रही है। राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी की ओर से जिला मुख्यालय पर विशेष सेंटर एआरटी सेंटर स्थापित किया गया है।

इस सेंटर के अनुसार वर्ष 2014 से लेकर अब तक करीब नौ सालों में 348 पीड़ितों की मौत हो चुकी है। एचआईवी के बढ़ते आंकड़े चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के लिए चुनौती बन गए हैं। चिट्टा और मेडिकेडेटड नशे की डबल डोज करने के लिए नशेड़ी आदी हो चुके हैं। एक ही इंजेक्शन की सीरिंज इस्तेमाल किए जाने से एचआईवी रोगी भी बनते जा रहे हैं।

## सूने मकान से जेवर-नकदी चोरी

**हनुमानगढ़,** (कासं)। शहर से लेकर जिले भर में निरंतर चोरी की वारदातें हो रही हैं। पुलिस मुकदमा दर्ज करती है मगर चोर हत्थे नहीं चढ़ रहे हैं। जंक्शन स्थित ज्योति कॉलोनी में सूने मकान से अज्ञात चोर दिनदहाड़े सोने-चांदी के जेवर एवं नकदी चुरा ले गए।

मकान मालिक दंपती वारदात के समय जंक्शन बाजार स्थित अपनी दुकान पर गए हुए थे। पीछे से मौका पाकर अज्ञात चोरों ने वारदात अंजाम दे दी। रात्रि को दुकान से घर लौटने पर दंपती को वारदात का पता चला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। इस संबंध में जंक्शन थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया।

पुलिस के अनुसार नरेश कुमार पुत्र हरिराम अग्रवाल निवासी वार्ड 19, ज्योति कॉलोनी, जंक्शन ने रिपोर्ट दी कि जंक्शन में उनकी रेडीमेड गारमेंट की दुकान है। करीब 12 बजे वह तथा पत्नी संतोष गोयल घर पर ताला लगाकर दुकान गए थे। रात करीब सवा नौ बजे वापस आए तो घर के ताले टूटे हुए थे तथा सामान बिखरा हुआ था।

सामान संभाला तो पता लगा कि अज्ञात चोर अलमारी से सोने की दो अंगूठी, चांदी की पांच जोड़ी पायजेब, तीन जोड़ी चांदी के कड़े (बच्चे के), चांदी का छल्ला, चांदी के सिक्के तथा करीब 30 हजार रूपए की नकदी चुरा ले गए।

## सार-समाचार

### एड्स से बचाव की जानकारी दी




डूंगर कॉलेज में एड्स रोग जागरूकता कार्यक्रम को प्राचार्य प्रो. राजेन्द्र पुरोहित ने संबोधित किया।

**बीकानेर,**(कासं)। विश्व एड्स दिवस पर राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर में विद्यार्थियों में एड्स रोग के प्रति जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व मुख्य वक्ता डॉ. संजय जैन, वरिष्ठ चिकित्सक, सेंट्रल जेल व अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र पुरोहित द्वारा की गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र पुरोहित ने अपने उद्‌बोधन में स्वयंसेवकों को संयमित व अनुशासित जीवन जीने तथा स्वच्छ, स्वस्थ व संयमित रहने परन्तु स्वछंद न रहने की सीख दी। मुख्य वक्ता डॉ. जैन ने एड्स रोग की उत्पत्ति, कारण, निवारण व बचाव के उपाय साझा करते हुए विद्यार्थियों को संयमित जीवन जीने व किसी भी प्रकार के नशे से मुक्त रहने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयंसेवकों के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थी,एन. एस. एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निर्मल कुमार रांकावत, डॉ. संपत भादू, डॉ. राजेन्द्र सिंह, समन्वयक डॉ. केसरमल तथा अनेक संकाय सदस्य उपस्थित थे।

### 277 छात्र-छात्राएं सम्मानित

**चूरू,** (कासं)। आज ग्राम सिरसला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 5 दिवसीय सामाजिक सेवा योजना शिविर का समापन समारोहपूर्वक किया गया। यह जानकारी देते हुए गुमानसिंह शेखावत धन एवं विपणन अधिकारी चूरू ने बताया कि इसमें सहभागी 277 छात्र-छात्राओं को बड़ोदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की तरफ से प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यरत मुख्य प्रबंधक आरण् के. दरगढ़ ने बैंक की विभिन्न जमा व ऋण योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए ग्रामीणजन से इनका लाभ उठाने का आग्रह किया। बैंक के वित्तीय साक्षरता सलाहकार मैनपाल सिंह, शाखा प्रबंधक संदीप सैनी, प्रिंसिपल सूबे सिंह सहित शाला स्टाफ व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि ने 8 छात्र दल द्वारा किए गए सेवा कार्यों का निरीक्षण किया व शाला की सफाई व्यवस्था की प्रशंसा की।

### राहत के लिये डायल 112 नं. पीसीआर

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले को मिली 10 नई डायल 112 गाड़ी। पीडित के फोन करने के पश्चात चन मिनटों में पहुंचेगी घटनास्थल पर। ए.एस.पी हनुमानगढ़ ने बताया कि घटना स्थल पर पहुंच कर घायलो को प्राथमिक उपचार व नजदीकी अस्पताल में पहुचाने के उद्देश्य से अभय कमांड दिशा निर्देशन में जिले को कुल 10 गाडिया डायल 112 मिली हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनवारी लाल मीणा ने बताया कि दुर्घटना होने पर 112 डायल करने पर दो मिनट में गाडी घटनास्थल पर पहुचेगी। इस गाडी में जीपीएस, कैमरे, फर्स्ट एड बॉक्स, स्ट्रैचर जैसी सुविधाएं हैं। जिले को मिली सभी गाडिया हनुमानगढ़ जिले के 10 थानों में भेजी गई हैं। जो वहीं से घटना स्थल पर पहुंचने का कार्य करेगी।

### जे.जे.टी. की छात्राओं ने ट्रॉफी जीती

**झुंझुनूं,** (निसं)। जेजेटी यूनिवर्सिटी की चार छात्राओं ने वेस्ट जोन बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी देते हुए स्पोट्र्स डायरेक्टर डॉ अरुण कुमार ने बताया कि वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय इंदौर, मध्य प्रदेश में बैडमिंटन वेस्ट जोन प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें जेजेटी यूनिवर्सिटी की बैडमिंटन खिलाड़ी चितवन खत्री, साक्षी गहलोत, निक्की, दीप सीखने ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्राफी हासिल की। इस प्रतियोगिता में 118 विश्वविद्यालय की टीमों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान पर जेजेटी की टीम रही। जेजेटी परिवार ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी और खुशियां मनाई। इस उपलब्धि के लिए जेजेटी के चेयरपर्सन डॉ विनोद टीबड़ेवाला, इंजी. बी के टीबड़ेवाला, प्रेसिडेंट डॉ देवेंद्र सिंह ढुल, रजिस्ट्रार डॉ अजीत कस्वा, प्रो प्रेसिडेंट डॉ मधु गुप्ता, मनोज गोयल प्राचार्य फिजिकल एजुकेशन, निदेशक उमा विशाल टीबड़ेवाला, डॉ राम दर्शन फोगाट, पीआरओ रामनिवास सोनी, डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ अनिल कड़वासरा सहित सभी जेजेटी परिवार ने इन्हें हार्दिक बधाइयां प्रेषित की है।

### शिविर का 240 लोगों ने उठाया लाभ

**झुंझुनूं,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज केंद्र झुंझुनू एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्व. केदारमल हलवाई की स्मृति मेंउनके परिवार द्वारा माह के हर शुक्रवार को आयोजित होने वाला नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन अग्रवाल कटला में संपन्न हुआ। उपरोक्त शिविर में 240 रोगियों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई। कार्यक्रम में वीर रमाकांत हलवाई, संस्था अध्यक्ष वीर राजेंद्र प्रसाद जोशी, संस्था संरक्षक वीर डॉक्टर एस एन शुक्ला, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्याम सुंदर जालान, जॉन चेयरमैन वीर नागरमल जांगिड़, रीजनल सेक्रेटरी वीर महेश कुमार मुंड, जॉन ट्रेजरार वीर शिव प्रसाद महर्षि, रामगोपाल शर्मा एवं काफी संख्या में गणमान्य व डॉक्टर्स की टीम उपस्थित रही।

### मतगणना तीन दिसम्बर को

**हनुमानगढ़,** (निसं)। विधानसभा आम चुनाव 2023 के मतों की गणना का कार्य दिनांक 03.12.2023 को प्रात: 8 बजे से जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय पॉलटेक्निक कॉलेज, बाईपास रोड़, हनुमानगढ़ जंक्शन में शुरू किया जायेगा। मीडिया सेन्टर स्थापित करने हेतु राजकीय पॉलटेक्निक कॉलेज हनुमानगढ में कमरा नं0 26 आरक्षित किया गया है।

# नशीली टेबलेट तस्करी के मामले में 10 साल की सजा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। विशेष कोर्ट के जज एनडीपीएस प्रकरण रूपचंद सुथार ने नशीली टेबलेट-कैप्सूल तस्करी के मामले में दोषी युवक को दस साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया। एक लाख रूपये का जुर्माना भी लगाया।

- तस्कर से नशीली टेबलेट और कैप्सूल बरामद किए थे
- सजा के साथ एक लाख रुपए जुर्माना भी लगाया

विशिष्ट लोक अभियोजक दिनेश दाधीच ने बताया कि प्रकरण के अनुसार 18 मार्च 2020 को सदर पुलिस थाना के तत्कालीन प्रभारी की ओर से टीम के साथ थाना क्षेत्र में गश्त की जा रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम नूरपुरा जाने वाली लिंक रोड के कच्चा रास्ता पर पहुंची तो वहां दो लड़के बैठे दिखाई दिए, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। इन्हें काबू कर नाम-पता पूछा तो एक की पहचान सुरेन्द्र उर्फ छिन्द्रसिंह पुत्र महेन्द्र सिंह रायसिख निवासी वार्ड 8, डबलीराठान मौलवी बास के रूप में हुई। वहीं दूसरा लड़का नाबालिग था। इन दोनों के पास मिले थैले को चैक किया तो थैले में ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड ट्राईओ एसआर टेबलेट के 14 पत्ते, पारवोरिन स्पास कैप्सूल के 28 पत्ते भरे हुए तथा 550 खुले कैप्सूल और 55 खाली पत्ते पारवोरिन स्पास कैप्सूल के मिले। इस प्रकार कुल 140 अवैध टेबलेट व 830 अवैध कैप्सूल मिले जो सभी एनडीपीएस घटक के होने पाये गए।

सुरेंद्र उर्फ छिन्द्रसिंह व नाबालिग के पास कोई लाइसेंस नहीं था। पुलिस ने सुरेंद्र उर्फ छिन्द्रसिंह को गिरफ्तार कर विधि से संघर्षरत बालक को डिटेन कर लिया। दोनों के खिलाफ सदर पुलिस थाने में एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। पीलीबंगा पुलिस थाना की ओर से इसमें अनुसंधान किया गया। अनुसंधान में सुरेंद्र उर्फ छिन्द्रसिंह एवं नाबालिग के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में अपराध प्रमाणित माना गया।

नाबालिग किशोर के खिलाफ किशोर न्याय बोर्ड में अलग से चालान पेश किया गया। आरोपी सुरेंद्र उर्फ छिन्द्रसिंह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में आरोप पत्र कोर्ट में प्रस्तुत किया गया गया। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 9 गवाह पेश किए गए और 37 दस्तावेज प्रदर्शित करवाए गए।

विचारण के बाद और दोनों पक्षों की सुनवाई करने के बाद गुरुवार को कोर्ट विशिष्ट न्यायाधीश रूपचंद सुथार की ओर से सुनवाई के बाद आरोपी सुरेंद्र उर्फ छिन्द्रसिंह को बिना लाइसेंस के अवैध नशीली दवाईयां अपने कब्जे में रखने पर एनडीपीएस एक्ट में दोषसिद्ध किया गया। सजा के बिन्दु पर सुनवाई की गई।

## सावित्री फुले की जयंती कल

**बीकानेर,** (कासं)। सावित्री बाई फुले की जयंती 3 जनवरी को मानने को लेकर मीटिंग बुलाई गई। जिसमें यह विचार विमर्श हुआ कि तीन दिवसीय कार्यक्रम रखा जाना चाहिए।

माता सावित्री बाई फुले की जयंती पर और विशाल रैली का आयोजन रखने पर भी विचार विमर्श हुआ। मिलन गहलोत ने बताया कि माता सावित्री बाई फुले और महात्मा फुले ने भारत की समस्त नारी जाति के लिए और वंचितों के लिए कार्य किया। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा होता है। उन्होंने शिक्षा का अधिकार दिलाया मगर इस देश में आज भी लोग उनको जानते नहीं है कि शिक्षा का अधिकार महिलाओं को किसने दिलाया।

उसी के कारण महिलाएं आज देश के सर्वोच्च पद से लेकर सामान्य पदों पर आसीन है। इसकी जानकारी आम व्यक्ति को होनी चाहिए। उसको लेकर कई प्रोग्राम आयोजित किए जाने हैं। इसको लेकर मीटिंग 2 दिसम्बर को शाम 5:00 बजे माली समाज भवन में रखी गई है। कार्यक्रम में महावीर गहलोत, आसुराम कच्छावा, मदन गोपाल मेघवाल आदि मौजूद थे।

# मतगणना स्थल पर नहीं ले जा सकेंगे मोबाइल

**हनुमानगढ़,** (कासं)। मतगणना कार्य में शामिल कार्मिकों को मतगणना परिसर में मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी।

जिले में विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत 25 नवम्बर 2023 को मतदान संपन्न होने के बाद अब सबकी नजरें मतगणना पर टिकी हुई है। चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों के निवास पर समर्थक अपने-अपने हिसाब से वोटों का समीकरण बनाने में जुटे हुए हैं। टाउन के राजकीय एनएमपीजी कॉलेज में गुरूवार को मतगणना टीम को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मास्टर ट्रेनर रमेश कुमार धानक, चैन सिंह व एमपी सिंह ने मतगणना टीम में शामिल कार्मिकों को मतगणना से जुड़ी जानकारी दी।

मास्ट्रर ट्रेनर रमेश धानक ने बताया कि त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में मैटल डिटेक्टर मशीन के जरिए जांच-पड़ताल करने के बाद ही किसी को मतगणना स्थल में प्रवेश दिया जायेगा। सबसे पहले सुबह आठ बजे बैलेट पेपर की गणना शुरू होगी। इसका

- मैटल डिटेक्टर से जांच के बाद ही मतगणना स्थल में प्रवेश दिया जायेगा

पहला रूझान सुबह साढ़े नौ बजे तक आ जायेगा। इसके बाद ईवीएम की गणना शुरू होगी। इसमें हर आधे से पौने घंटे बाद रूझान आते रहेंगे। मतों की गोपनीयता किस तरह से रखनी है, इसका विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। मतगणना स्थल पर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी भी मोबाइल सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तु नहीं ले जा सकेंगे।

एएसपी बनवारी लाल मीणा के अनुसार मतगणना स्थल में प्रवेश के समय संबंधित व्यक्ति को बीड़ी, सिगरेट, माचिस, किसी तरह का हथियार, मोबाइल आदि बाहर ही रखना होगा। पांच सौ पुलिस जवानों का जाब्ता तैनात किया जायेगा। सभी 17 पुलिस थानों का जाब्ता मौजूद रहेगा।

# पढ़ाई का खर्च उठा रहा है विकास मंगल

**रायसिंहनगर,** (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लखाहाकम का एक पूर्व विद्यार्थी होनहार बालिकाओं का खर्च उठाकर बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित कर रहा है।

- विद्यालय का पूर्व विद्यार्थी विकास मंगल गूगल के बेंगलुरू स्थित मुख्यालय में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है

विद्यालय का पूर्व विद्यार्थी विकास मंगल वर्तमान में गूगल के बेंगलुरू स्थित मुख्यालय में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। लेकिन उसका विद्यालय के छात्रों के प्रति लगाव देखते ही बनता है। वे चाहते हैं कि उनके विद्यालय की छात्राओं को भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों व उच्च शिक्षण के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध हो सके। वे उम्मीद सोशल एण्ड इकोनॉमिक डवलपमेंट के माध्यम से एनजीओ के माध्यम से विद्यालय स्तर पर अव्वल रही और उच्च माध्यमिक स्तर पर विज्ञान संकाय में अध्ययनरत बालिकाओं के शुल्क की व्यवस्था कर रहे हैं। गत दो वर्ष आईना और वर्तमान वर्ष में शिवानी के शिक्षण व छात्रावास शुल्क लगभग 70 हजार रूपए का भुगतान किया गया है।

विकास मंगल की ओर से व्यक्तिगत स्तर पर भी विद्यालय में निरंतर सहयोग प्रदान किया जाता रहा है। विद्यालय स्तरीय उत्सवों में पारितोषिक वितरण किया जाता है।

## मारपीट कर 15 हजार रुपए छीने

**बीकानेर,** (कासं)। युवक के साथ मारपीट कर उसकी जेब से 15 हजार रुपए निकालकर जान से मारने की धमकी देने का मामला श्रीडूंगरगढ़ पुलिस थाने में दर्ज हुआ है।

यह मामला पुंदलसर निवासी अरविंद सिंह पुत्र महावीर सिंह ने पुंदलसर निवासी दयाल सिंह पुत्र किशन सिंह, गोपाल सिंह पुत्र श्रवण सिंह, बिन्दु पुत्र मदनसिंह व चार-पांच अन्य व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज करवाया है। परिवादी का आरोप है कि आरोपियों ने उसका रास्ता रोककर उसके साथ रॉड व डंडों से मारपीट की तथा उसके 15 हजार रुपए निकाल ले गये। जाते-जाते जान से मारने की धमकियां दी।

घटना 29 नवम्बर को पुंदलसर स्थित माताजी मंदिर के पास की है। परिवादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# होटल में अनैतिक काम का आरोप, आमजन का हंगामा

**नोहर,** (कासं)। नोहर कस्बे के होटल में कथित रूप से अनैतिक कार्य होने का आरोप लगाते हुए मोहल्लेवासियों ने दिनभर हंगामा किया। मामला बढ़ता देख थाना प्रभारी मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। आक्रोशित महिलाएं होटल के अंदर घुस गई मगर कुछ नहीं मिला।

आरोप लगाया कि होटल में दिनभर संदिग्ध लड़के-लड़कियों का आना-जाना रहता है। इस कारण लोगों का जीना-दुश्वार हो गया है। आरोप लगाया कि पुलिस-प्रशासन को कई बार अवगत कराया पर कार्रवाई नहीं हुई। मोहल्लेवासी जब तक एकत्रित हुए उससे कुछ देर पहले होटल से लडके-लड़कियां फरार हो गए।

थाना प्रभारी धर्मपाल ने मौके पर पहुंचकर समझाइश की और होटल का रिकॉर्ड जब्त किया। लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर चाचाण धर्मशाला के समीप आबादी क्षेत्र में चल रहे होटल को बंद करवाने की मांग की है। बताया कि होटल राबाउमा स्कूल व धर्मशाला के बीच में हैं। इस कारण इस मार्ग पर बालिकाओं व महिलाओं का आना रहता है। इससे उन पर गलत प्रभाव पड़ता है। विरोध करने पर होटल मालिक द्वारा धमकी दी जाती है। मारपीट का शिकार युवक राकेश ने नोहर पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज के लिए परिवाद दिया है। राकेश ने बताया कि उसने होटल में हो रही अवैध गतिविधियों को लेकर विरोध जताया तो उसके साथ मारपीट की गई।

- मोहल्लेवासियों ने आरोप लगया कि होटल में दिनभर संदिग्ध लड़के-लड़कियों का आना-जाना लगा रहता है
- आक्रोशित महिलाएं होटल के अंदर घुस गई मगर कुछ नहीं मिला

वहीं पुलिस ने मामले में 6 जनों को 151 में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पवन कुमार जाट, रोहताश जाट, भीम सिंह जाट, सोहनलाल जाट, प्रेमसिंह जाट निवासी हरियाणा व नोहर वार्ड 31 निवासी गोपाल सोनी को 151 में गिरफ्तार किया है।

# तीसरी कक्षा तक के बच्चों को पढ़ना, लिखना और अंक गणित का ज्ञान देने की पहल

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत निपुण भारत मिशन के तहत श्रीकोलायत के झझू गांव में राजकीय बालिका प्राथमिक विद्यालय में निपुण मेले का आयोजन किया गया।

इस दौरान शिक्षिका अंजुमन आरा ने बताया कि ऐसे आयोजनों का मकसद छोटे बच्चों में शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास करना है ताकि बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ अन्य सकारात्मक गतिविधियों में भी ज्ञान के साथ रूचि उत्पन्न हा। उन्होंने कहा छोटे बच्चों में भाषा एवं गणित के ज्ञान को भी विभिन्न तकनीकी माध्यमों से बढ़ाने का प्रयास हो रहा है। इस से छात्रों में सर्वांगिक विकास हो। अंजुमन आरा ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा तीसरी कक्षा स्तर तक के बच्चों को पढ़ना, लिखना और अंक गणित का माकूल ज्ञान देने के लिए यह प्रयास शुरू किया गया है।

इससे वर्ष 2026-27 तक तीसरी कक्षा स्तर के बच्चों में आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान का आसानी से विकास हो सके। उन्होंने बताया निपुण मेले में शिक्षा के ज्ञान के साथ-साथ विभिन्न प्रदर्शनियां लगाकर बच्चों को स्वास्थ्य एवं निरोग खान-पान से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई गई ताकि शिक्षित समाज के साथ-साथ स्वस्थ समाज का भी निर्माण किया जा सके।

शाला में शारीरिक विकास आधारित गतिविधियां के तहत बच्चों को निशाना लगाना, ब्लाइंड फोल्ड, म्यूजिकल चेयर, नीबू दौड, लटकन जलेबी, बॉल डालो सिक्का निकालो आदि कई प्रतियोगिताएं कराई गई। वहीं मानसिक, बौद्धिक विकास आधारित गतिविधियां के तहत देखो और बताओ, ए बी एल आधारित पहेली खेल, हल करो और आगे बढ़ो, वर्ग पहेली, सुनकर जानो, डिजिटल गेम आदि सृजनात्मक विकास आधारित गतिविधियां के तहत कॉलाज बनाना, स्वतंत्र पेन्टिंग आदि बनाई। वरीयता के अनुसार हेमलता प्रथम, राहुल द्वितीय, उर्मिला तृतीय रही।



बीकानेर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति मिशन के तहत निपुण मेले में स्कूली विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में कई तरह की जानकारी दी।

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत निपुण मेले का आयोजन
- मेले में कई तरह की खेल प्रतियोगिता भी हुई

## उम्मीदवारों ने की कार्यकर्ताओं से चर्चा

**चूरू,** (कासं)। चूरू विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवारों ने अपने कार्यकर्त्ताओं के साथ चर्चा की।

यहां कांग्रेस प्रत्याशी रफीक मंडेलिया ने शुक्रवार को मंडेलिया हाउस में चूरू शहर व देहात के कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव की समीक्षा की एवं 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना के बारे में व्यापक विचार विमर्श किया। मंडेलिया ने कांग्रेस की जीत का दावा किया। इस अवसर पर नगरपरिषद के पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, कांग्रेस पूर्व जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद हुसैन निर्वाण, कांग्रेस सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष रतनलाल जांगिड़, शहर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लालचंद सैनी, युवा नेता ईरशाद मंडेलिया, मीडिया प्रभारी जमील चौहान, चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात अध्यक्ष किशोर धान्धू, चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुबोध मासूम, ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नारायण बालाण, युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष आसिफ खान, सुखाराम घिंटाला, आरिफ पिथिसर, जंगशेर खां, विमल शर्मा, अनीस खान, डूंगरसिंह उंटवालिया, कांती सैनी, हेमन्त सैनी आदि उपस्थित थे।

# लोक अदालत 9 को, मामलों का होगा निस्तारण

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार इस वर्ष की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 दिसम्बर को किया जाना प्रस्तावित है।

राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सत्यनारायण व्यास (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) श्रीगंगानगर द्वारा श्रीगंगानगर एवं अनूपगढ़ जिले के समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ एक मीटिंग का आयोजन वीसी सभागार, जिला एवं सेशन न्यायालय, श्रीगंगानगर में किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु समस्त न्यायिक अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामा योग्य अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हित करने के निर्देश दिये गये।

न्यायालयों में चिन्हित प्रकरणों में संबंधित पीठासीन अधिकारी द्वारा प्रत्येक दिन न्यायालय समय पश्चात प्री-काउंसलिंग की जायेगी। सत्यनारायण व्यास ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु बीमा कंपनी, बैंक, रेवेन्यू अधिकारी आदि के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण जरिये राजीनामा करने का प्रयास किया जाये। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरणों का निस्तारण अंतिम रूप से हो जाता है। इसमें न किसी की जीत होती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीगंगानगर के सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बिजली विभाग, जन अभियांत्रिकी विभाग, बीएसएनएल व बैंकों के धन वसूली संबंधी प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों को चिनिहत कर प्री-काउंसलिंग के माध्यम से निस्तारित किया जायेगा।

- राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों को चिन्हित करने के निर्देश दिए